# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

**नाशिक** | **Wednesday, 19 August 2026**


## गंगा दशमी और विश्व पर्यावरण दिवस पर धनासर मे वृंक्षारोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मिली नई ऊर्जा।


Publisher



Published on 05 Jun 2025





## सुमित गोदारा की अध्यक्षता मे हुंआ 'वंदे गंगा' जल संरक्षण अभियान, हनुमानगढ़ जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की सहभागिता।

सवांदाता,हनुमानगढ़,

राजस्थान

**हनुमानगढ़, राजस्थान**: **विश्व पर्यावरण दिवस** और **गंगा दशमी** के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री **श्री.नरेद्रं मोदी** जी की प्रेरणा से शुरू किए गए '**एक पेड़ मां के नाम**' अभियान को ध**नासर (रावतसर)** गांव में भावपूर्ण रूप से गति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता **राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री सुमित गोदारा** ने की, जिसमें **हनुमानगढ़ जिला प्रशासन** और **जनप्रतिनिधियों** की सक्रिय सहभागिता रही।

**वृक्षारोपण से लेकर जल संरक्षण तक – एकजुट हुआ हनुमानगढ़**

इस अवसर पर '**वंदे गंगा**' **जल संरक्षण जन अभियान** के तहत पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में **विधायक संजीव बेनीवाल (भादरा)** समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा** ने इस अभियान को "**हरित राजस्थान, विकसित राजस्थान**" की दिशा में एक सार्थक कदम

बताया। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे “**एक पेड़ मां के नाम**” लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण की नींव रखें।

### ‘वंदे गंगा’ – जल ही जीवन है

‘**वंदे गंगा**’ अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए गांव-गांव में जन-जागरूकता फैलाई जा रही है। धनासर में आयोजित इस कार्यक्रम में भी जल के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि वृक्षारोपण और जल संरक्षण के माध्यम से ही हम आने वाले पर्यावरणीय संकटों से निपट सकते हैं।

### जनता से अपील

कार्यक्रम के अंत में सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इस महाअभियान का हिस्सा बनें और कम से कम एक वृक्ष अपनी माता के नाम पर अवश्य लगाएं। इससे न केवल भावनात्मक जुड़ाव होगा, बल्कि **हरियाली** और **पर्यावरण संरक्षण** को भी नई दिशा मिलेगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.